**BIKAJI FOODS INTERNATIONAL LIMITED**
F 196-199, F 178 & E 188, Bichhwal Industrial Area, Bikaner, Rajasthan, India – 334006
T: +91-151-2250350 | F: +91-151-2251814 | E: cs@bikaji.com | W: www.bikaji.com
CIN: L15499RJ1995PLC010856 | GST No.: 08AAICS1030P1Z5

**Ref: BFIL/SEC/2023-24/17**

**Date: May 24, 2023**

To
Dept of Corporate Services
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Fort,
Mumbai 400 001 (Maharashtra)
**Scrip Code: 543653**

The Listing Department
National Stock Exchange of India Ltd.
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex, Bandra (East),
Mumbai 400 051 (Maharashtra)
**Trading Symbol: BIKAJI**

**Subject: Intimation of Newspaper Advertisement of Audited Financial Results of the Company for the quarter and financial year ended on March 31, 2023**

Dear Sir / Madam,

Pursuant to the 47 and other applicable regulations of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("the Listing Regulations"), as amended from time to time, the Audited Financial Results of the Company for the quarter and financial year ended on March 31, 2023 is published in **"Financial Express"** in English language newspaper and in **"Nafa Nuksan"** in vernacular language newspaper on May 24, 2023. The copies of the newspaper advertisement are enclosed for reference.

The above intimation will also be hosted on the website of the Company and the same can be accessed at www.bikaii.com

You are kindly requested to take the same on record.

Thanking You

**Yours faithfully,**
**For Bikaji Foods International Limited**

RAHUL JOSHI
Digitally signed by RAHUL JOSHI
Date: 2023.05.24 11:18:41 +05'30'

**Rahul Joshi**
**Head - Legal and Company Secretary**
**Membership No.: ACS 33135**

Enclosure: As above

# इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की सब्सिडी में अचानक कटौती से प्रभावित होगा उद्योग

**नयी दिल्ली/एजेंसी**




इलेक्ट्रिक व्हीकल उद्योग के निकाय एसएमईवी ने कहा कि इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की सब्सिडी में अचानक कमी से भारी नुकसान हो सकता है। निकाय ने कहा कि इससे ईवी अपनाने में बड़ी गिरावट हो सकती है और पूरा उद्योग लंबे समय के लिए प्रभावित हो सकता है। हालांकि, दूसरी ओर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में स्टार्टअप कंपनियों ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि यह ईवी उद्योग के लिए अपने दम पर खड़े होने का समय है। सरकार ने पिछले दिन इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स पर लागू फेम-2 (भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण और उन्हें तेजी से अपनाना) योजना के तहत दी जाने वाली सब्सिडी को कम कर दिया था।

यह फैसला एक जून 2023 को या उसके बाद पंजीकृत इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स पर लागू होगा। भारी उद्योग मंत्रालय ने इन परिवर्तनों को अधिसूचित किया है। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स के लिए मांग प्रोत्साहन 10,000 रुपये प्रति किलोवाट घंटा होगा। सोसाइटी ऑफ मैन्युफैक्चरर्स ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (एसएमईवी) के महानिदेशक सोहिंदर गिल ने बदलावों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, सब्सिडी में अचानक कमी से ईवी अपनाने में बड़ी गिरावट आ सकती है, जिससे पूरे उद्योग पर काफी समय तक असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जमीनी हकीकत यह है कि भारतीय बाजार कीमत के प्रति संवेदनशील बना हुआ है। ज्यादातर पेट्रोल टू-व्हीलर्स की कीमत एक लाख रुपये से कम है, और इसलिए इलेक्ट्रिक वाहन पर 1.5 लाख रुपये से अधिक खर्च करने की संभावना कम है।

गिल ने हालांकि कहा कि भारी उद्योग मंत्रालय ने कुछ महीने पहले ही सब्सिडी कम करने का संकेत दे दिया था। दूसरी ओर, वोल्टअप के सह-संस्थापक और सीईओ सिद्धार्थ काबरा ने फेम सब्सिडी में कमी का स्वागत किया और कहा कि अब उद्योग के लिए अपने पैरों पर खड़ा होने का वक्त है। उन्होंने उद्योग और सरकार से एक सुसंगत बुनियादी ढांचा विकास नीति बनाने की दिशा में काम करने का भी आह्वान किया।




## टाटा मोटर्स ने अल्ट्रोज का सीएनजी वेरिएंट लांच किया,प्राइस7.55 लाख रुपये से शुरू

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** टाटा मोटर्स ने अपनी प्रीमियम हैचबैक अल्ट्रोज का सीएनजी संस्करण पेश किया। इसके शोरूम कीमत 7.55 लाख रुपये से शुरू होगी। टाटा मोटर्स ने बयान में कहा कि अल्ट्रोज आईसीएनजी 7.55 लाख रुपये और 10.55 लाख रुपये (शोरूम कीमत) के बीच छह संस्करणों में उपलब्ध होगी। बयान के मुताबिक, यह गाड़ी 'ट्विन-सिलेंडर' सीएनजी तकनीक और अन्य उन्नत सुविधाओं जैसे वॉयस-असिस्टेड इलेक्ट्रिक सनरूफ, वायरलेस चार्जर और एयर प्यूरिफायर से लैस है। कंपनी ने कहा कि ट्विन-सीएनजी सिलेंडर संरक्षित वॉल्व और पाइप के साथ लगेज एरिया के नीचे स्थित हैं, जिससे नुकसान का जोखिम कम हो जाता है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने कहा कि ग्राहक किफायती और पर्यावरण के अनुकूल यात्रा अनुभव चाहते हैं और वह सीएनजी की व्यापक उपलब्धता के कारण इस वैकल्पिक ईंधन को चुन रहे हैं। टाटा मोटर्स ने गत वर्ष जनवरी में टियागो और टिगोर का सीएनजी वेरिएंट लांच किया था।

## रॉयल एनफील्ड की विशिष्ट इलेक्ट्रिक बाइक लाने की तैयारी

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** रॉयल एनफील्ड एक 'विशिष्ट रूप से अलग इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल' विकसित कर रही है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी गोविंदराजन ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस उत्पाद के विकास के लिए कंपनी ने अपने चेन्नई संयंत्र के आसपास आपूर्तिकर्ता पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण शुरू कर दिया है। रॉयल एनफील्ड, आयशर मोटर्स का हिस्सा है। कंपनी ने इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) विनिर्माण और उत्पाद विकास सहित चालू वित्त वर्ष में 1,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। इस निवेश का एक हिस्सा कंपनी के मौजूदा आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) पोर्टफोलियो से नए उत्पादों को उतारने पर खर्च किया जाएगा। गोविंदराजन ने कहा कि हमारी ईवी की यात्रा बेहतर प्रगति कर रही है। मैं कह सकता हूं कि रॉयल एनफील्ड की ईवी यात्रा अब 'टॉप गियर' में है। हमारा इरादा रॉयल एनफील्ड के डीएनए वाली विशिष्ट इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल बनाने का है। कंपनी ने इसके लिए सक्षम टीम नियुक्त की है। कंपनी ने उत्पाद विकास, उत्पाद रणनीति, उत्पाद परीक्षण आदि क्षेत्र में निवेश करना शुरू किया है।

## खराब विस्तृत परियोजना रिपोर्ट से हो रही सड़क दुर्घटनाएं

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारतीय कंपनियों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की खराब गुणवत्ता पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मानकों पर पूरी नहीं उतरने वाली ऐसी रिपोर्ट के कारण परियोजना पूरी होने में देरी होती है और सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि ज्यादातर मामलों में राजमार्गों और अन्य सड़कों के निर्माण में लागत वृद्धि निर्णय लेने में देरी के कारण होती है। उन्होंने कहा, सबसे ज्यादा दोषी कोई है तो डीपीआर बनाने वाला। डीपीआर की गुणवत्ता सबसे बड़ा मुद्दा है। मंत्री ने कहा कि भारतीय कंपनियों द्वारा तैयार रिपोर्ट अच्छी नहीं होती है इसलिए अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को वरीयता दी जानी चाहिए। अपने स्पष्ट विचारों के लिए चर्चित केंद्रीय मंत्री ने कुछ सड़क हादसों के लिए डीपीआर की खराब गुणवत्ता को जिम्मेदार ठहराया। ठेकेदारों को डीजल से संचालित मशीनों के उपयोग को कम कर देना चाहिए।

## टोयोटा किर्लोस्कर ने अपने कर्नाटक संयंत्र में तीसरी पाली में काम शुरू किया

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपनी उत्पादन क्षमता करीब 30 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए अपने कर्नाटक स्थित संयंत्र में तीसरी पाली शुरू की है। कंपनी के इस कदम का मकसद लोकप्रिय इनोवा क्रिस्टा और फॉर्च्यूनर जैसे मॉडलों के लिए 'इंतजार की अवधि' कम करना है। वाहन कंपनी ने अपनी विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिए बेंगलुरु के बाहरी इलाके बिदादी के अपने संयंत्र में एक मई से तीसरी पाली शुरू कर दी है। कंपनी ने इस संयंत्र में मौजूदा बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए 90 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। इसके अलावा कारखाने में तीसरी पाली में काम करने के लिए 1,500 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। टीकेएम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मुख्य संचार अधिकारी ने कहा कि हमने संयंत्र में तीसरी पाली शुरू की है। इस संयंत्र में इनोवा क्रिस्टा, इनोवा हाइक्रॉस और फॉर्च्यूनर जैसे मॉडलों का उत्पादन होता है। इन उत्पादों के लिए इंतजार की अवधि काफी लंबी है। हमारा प्रयास इसे कम करने का है।



# हेल्थ सर्विस सेक्टर में कार्यरत लोगों की सुरक्षा से जुड़े अध्यादेश को मंजूरी, 7 साल की जेल और पांच लाख रूपये का जुर्माना



**तिरुवनंतपुरम/एजेंसी**

केरल में पिछले दिनों एक मरीज द्वारा एक डाक्टर की हत्या किए जाने के मद्देनजर प्रदेश सरकार ने चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और मेडिकल छात्रों की सुरक्षा से जुड़े एक अध्यादेश को मंजूरी दे दी, जिसके तहत स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कार्यरत लोगों के खिलाफ हिंसा करने वालों के खिलाफ अधिकतम सात साल की सजा और पांच लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है।

राज्य के कोल्लम जिले में तालुक अस्पताल में पिछले सप्ताह चिकित्सक वंदना दास की एक मरीज द्वारा सर्जरी में इस्तेमाल होने वाले ब्लेड से हमला कर हत्या दी गई थी। सरकार की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की अध्यक्षता में आज मंत्रिमंडल की बैठक में 'केरल स्वास्थ्य देखभाल सेवा कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य देखभाल सेवा संस्थान (हिंसा व संपत्ति को नुकसान की रोकथाम) संशोधन अध्यादेश 2012' को मंजूरी दी गई। बयान के अनुसार, अध्यादेश के तहत किसी भी स्वास्थ्य कार्यकर्ता या पेशेवर को गंभीर शारीरिक नुकसान पहुंचाने के दोषी व्यक्ति को एक साल से सात साल तक के कारावास की सजा दी जाएगी और उस पर एक लाख रुपये से पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। यदि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य कर्मियों या स्वास्थ्य संस्थानों में काम करने वालों के खिलाफ हिंसा करता है या इसकी कोशिश करता है या ऐसा करने के लिए उकसाता है तो उसे कम से कम छह महीने से पांच साल तक की कैद की सजा तथा 50,000 रुपये से दो लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

संशोधन से पहले तक केरल हेल्थकेयर सर्विस वर्कर्स एंड हेल्थकेयर सर्विस इंस्टीट्यूशंस (हिंसा व संपत्ति को नुकसान की रोकथाम) अधिनियम 2012 के तहत, स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों के खिलाफ हिंसा के किसी भी कृत्य या किसी चिकित्सकीय संस्थान की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए अधिकतम तीन साल की कैद और 50,000 रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान था।

बयान के अनुसार, मौजूदा असंशोधित कानून में पंजीकृत तथा अनंतिम (प्रोविजनल) रूप से पंजीकृत चिकित्सक, पंजीकृत नर्स, मेडिकल छात्र, नर्सिंग छात्र और स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत पैरामेडिकल कर्मी शामिल हैं। अध्यादेश के तहत पैरामेडिकल छात्रों को भी कानून के तहत सुरक्षा प्रदान की जाएगी। बयान में कहा गया, इनके अलावा, पैरामेडिकल कर्मियों, सुरक्षा गार्ड, प्रबंधकीय कर्मचारी, एम्बुलेंस चालक, सहायक जो स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों में तैनात हैं या उनमें काम करते हैं.. और समय-समय पर आधिकारिक सरकारी राजपत्र में अधिसूचित स्वास्थ्य कार्यकर्ता अध्यादेश के अधीन आएंगे।

बयान में कहा गया, सजा बढ़ाने के अलावा अध्यादेश में कहा गया है कि अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमों की सुनवाई समयबद्ध तरीके से पूरे की जाए और यह प्रत्येक जिले में विशेष अदालतों को शीघ्र न्याय सुनिश्चित करने के लिए नामित किया जाएगा। अध्यादेश के अनुसार अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की जांच एक ऐसे पुलिस अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए जो निरीक्षक के पद से नीचे का न हो और प्राथमिकी दर्ज होने के 60 दिन के भीतर जांच पूरी की जाए। अध्यादेश को अब केरल के राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।



महालक्ष्मी मशीन्स
108, विण्डसर प्लाजा, संसार चन्द्र रोड, जयपुर, फोन : 0141-4038738, 93145-29309
पैकिग सम्बन्धित सभी मशीनें, मैटेरियल व रिपेयरिंग सुविधा उपलब्ध है।

भारत का पसंदीदा स्नैकिंग पार्टनर

BIKAJI

बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड
F/196-199, E/188, F/178 बीछवाल इंडस्ट्रीयल एरिया, बीकानेर (राजस्थान) भारत 334006, वेबसाइट : www.bikaji.com, ईमेल : cs@bikaji.com
टेलीफोन : 0151-2250350, फैक्स : 0151-2251814 सीआईएन : एल15499आरजे1995पीएलसी010856

31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष समाप्त के लिए अनअंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सार

(All Amounts In INR Lakhs, Unless Otherwise Stated)

| PARTICULARS | समाप्त तिमाही मार्च 31, 2023 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही दिसंबर 31, 2022 (अनअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही मार्च 31, 2022 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष मार्च 31, 2023 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष मार्च 31, 2022 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| परिचालनों से कुल आय | 46,226.41 | 50,767.76 | 40,025.33 | 1,96,607.22 | 1,61,096.14 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा असाधारण मदों से पूर्व) | 5,140.73 | 4,161.86 | 3,345.76 | 17,064.67 | 10,501.26 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर से पूर्व (अपवाद तथा असाधारण मदों के बाद) | 5,140.73 | 4,161.86 | 3,345.76 | 17,064.67 | 10,501.26 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर पश्चात (अपवाद तथा असाधारण मदों के बाद) | 3,828.62 | 3,169.39 | 2,436.94 | 12,660.37 | 7,602.81 |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय [(अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आयों को सम्मिलित करके (कर पश्चात)] | 3,767.86 | 3,625.21 | 2,501.05 | 12,556.22 | 8,203.66 |
| समता अंश पूंजी | 2,495.10 | 2,495.10 | 2,495.10 | 2,495.10 | 2,495.10 |
| संचय (पुनर्मूल्यन संचय छोड़कर) जैसाकि पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है। | - | - | - | 92,868.53 | 79,580.06 |
| प्रति अंश अर्जन (रु. 1/- प्रत्येक का) (जारी तथा बंद प्रचालनों हेतु)– [(असाधारण मदोंसे पहले तथा बाद) गैर वार्षिक )] | | | | | |
| -मूल: | 1.51 | 1.32 | 1.00 | 5.15 | 3.15 |
| -तनुकृत: | 1.51 | 1.32 | 1.00 | 5.14 | 3.15 |

नोट्स: सेबी (एलओडीआर) के नियम 47(1) (बी) के अनुसार कंपनी की एकीकृत वित्तीय जानकारी:


| विवरण | समाप्त तिमाही मार्च 31, 2023 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही दिसंबर 31, 2022 (अनअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही मार्च 31, 2022 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष मार्च 31, 2023 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष मार्च 31, 2022 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| कारोबार | 45,822.54 | 50,258.56 | 39,742.47 | 1,94,438.79 | 1,59,870.24 |
| कर पूर्व लाभ | 5,102.51 | 3,985.34 | 3,545.33 | 17,309.90 | 10,895.24 |
| कर पश्चात लाभ | 3,672.54 | 2,972.07 | 2,636.06 | 12,766.94 | 7,996.34 |

नोट्स:
उपरोक्त जानकारी ब्योरेवार वित्तीय परिणामों से उद्धृत की गयी है जो कि सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्स्चेंज में दाखिल की गयी है। इन वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्स्चेंज की वेबाईट www.nseindia.com एवं www.bseinda.com तथा कंपनी की वेबसाईट www.bikaji.com पर उपलब्ध है।




निदेशक मण्डल के आदेशानुसार
बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड वास्त
सीआईएन : एल15499आरजे1995पीएलसी010856
हस्ताक्षर
दीपक अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
DIN-00192890

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 23 मई, 2023




Call : +91-151-2250350 • E-mail: care@bikaji.com • website: www.bikaji.com • Follow us on: • Download 'Bikaji Online' App at
AN ISO 9001 AND ISO 22000 CERTIFIED ORGANIZATION

BHUJIA • NAMKEEN • SWEETS • PAPAD • SNACKS